## बाघमारा में आयोजित आजसू पार्टी के मिलन समारोह में दूसरे दलों के कार्यकर्ता आजसू में शामिल

# झारखंड में एनडीए गठबंधन प्रचंड विजय की ओर : सुदेश कुमार महतो

### साढ़े चार साल में जेएमएम-कांग्रेस ने राज्य के प्रति एक भी संकल्प को पूरा नहीं किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/धनबाद।** झारखंड में एनडीए गठबंधन प्रचंड विजय की ओर। परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने इंडी एलायंस को हर तरफ जनता नकार रही है। झारखंड में भी इनका सूपड़ा साफ होना तय है। जेएमएम और कांग्रेस का चरित्र एक समान है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पानी टंकी मैदान पत्थलगडिया, बाघमारा में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान माले नेता अमरदीप महतो और समाजसेवी अरुण महतो के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं और समाजसेवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस परिवारवाद का गठबंधन है। इनकी प्राथमिकता राज्य और राष्ट्र का विकास नहीं बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाने की है। यह लोग परिवार की परिपाटी को आबाद कर रहे हैं।

विकास नहीं तुष्टिकरण ही इनकी राजनीति का आधार है। ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियां जब अपना काम कर के इनके भ्रष्टाचार को जनता के सामने लगातार उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की दुहाई देकर और




#### जीत के प्रतिशत को बढ़ाने में पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम

अपने मेनिफेस्टो में कभी न पूरा हो पाने वाले वादों से यह लोग जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में इन्होंने राज्य के प्रति अपने एक भी संकल्प को पूरा नहीं किया। युवाओं को न नियोजन मिला न ही बेरोजगारी भत्ता। महिलाओं को 8500 रुपए महीने देने की बात करने वाली कांग्रेस पहले राज्य के युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने के अपने वादे को पूरा करें। राज्य की सभी 14 सीटों पर बड़े अंतर से जीत सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य है। इसी के तहत गिरिडीह लोकसभा सीट से भी पिछली बार की तुलना में हम बड़ी जीत दर्ज करेंगे। जीत के प्रतिशत को बढ़ाने में पार्टी कार्यकताओं की भूमिका अहम है। हर एक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में दृढ़संकल्पित होकर मोदी जी के द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को जन जन तक पहुँचाने का काम करें।

पार्टी में शामिल हुए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आपके साथ आने से गिरिडीह की जनता की सेवा करने के हमारे लक्ष्य को बल मिलेगा। सबके साथ और अनुभव से इस लोकसभा चुनाव में हम बेहतर परिणाम हासिल करेंगे।

**इन्होंने ली सदस्यता:** माले नेता अमरदीप महतो, किशोर दास, राकेश महतो, अजय महतो, गौतम महतो, लक्ष्मण मोदक, राधेनाथ महतो, सोनू मोदक, बारकी तिवारी, अमित महतो समेत सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

समारोह में आजसू पार्टी केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, महासचिव रौशनलाल चौधरी, राधेश्याम गोस्वामी, सरिता देवी (जीप, उपाध्यक्ष), सुभाष रवानी (बाघमारा विधानसभा प्रभारी) नरेश महतो, रामशंकर तिवारी, राकेश गयाली, राजेश महतो (जीप), द्वारिका महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पीएलएफआई कमांडर लंबू के घर पुलिस ने पोस्टर चस्पा कर सरेंडर की अपील की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** खूंटी पुलिस ने नक्सली संगठन पीएलएफआई के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। पिछले कुछ दिनों में पीएलएफआई नक्सलियों की बढ़ी सक्रियता के कारण पुलिस ने संगठन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस अभियान में उन नक्सलियों की पहचान की गई है जो वांछित हैं और उनके इशारे पर क्षेत्र में अपराध बढ़े हैं, जिसमें बंदगांव थाना क्षेत्र निवासी सब जोनल कमांडर तीरा बोदरा उर्फ लंबू भी शामिल है।
लंबू के खिलाफ मुरहू, अड़की, बंदगांव, रनिया और गुदरी थाने में दर्जनों नक्सली मामले दर्ज हैं और वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। संगठन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की शुरूआत सब जोनल कमांडर के घर पर इश्तेहार चस्पा कर की गई है। अड़की और बंदगांव पुलिस ढोल बजाते हुए कुख्यात नक्सली के गांव पहुंची और उसके घर पर इश्तेहार चस्पा किया।

**पुलिस ने की सरेंडर करने की अपील :** मौके पर पुलिस ने नक्सली के परिजनों से कहा कि वे उससे सरेंडर करने को कहें, क्योंकि सरकार की सरेंडर नीति के तहत उसे और उसके परिजनों को लाभ मिलेगा, नहीं तो इस बार उन्हें



पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पुलिस ने नक्सली के परिजनों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे क्षेत्र के सभी नक्सलियों और खासकर लंबू दस्ते से जुड़े लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने को कहें, अन्यथा उन्हें मार दिया जाएगा। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि पीएलएफआई संगठन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस ने अड़की थाना में दर्ज कांड संख्या 67/23 के सिलसिले में बंदगांव थाना के जिकिलाता स्थित पीएलएफआई सब जोनल कमांडर तीरा बोदरा उर्फ लंबू के घर पर ढोल नगाड़े बजाए और इश्तेहार चस्पा किया। उन्होंने बताया कि उस पर आरोप है कि तिरला पंचायत अंतर्गत पुलिया निर्माण के दौरान ठेकेदार से लेवी वसूली के लिए आतंक पैदा करने को लेकर जनरेटर सहित अन्य निर्माण में लगे उपकरणों पर उसने आग लगाई थी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने अब तक पीएलएफआई संगठन और खासकर लंबू दस्ते के दो दर्जन से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

**खबर एक नजर में**

### डिशटीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज के साथ किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी एक साथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डिशटीवी स्माट प्लस सर्विसेज के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में एक नई क्रांति है। ग्राहक अब किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी एकसाथ देख सकेगें। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ मनोज डोभाल ने कहा कि डिश टीवीस्मार्ट प्लस सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी के सीटीओ और ओटीटी बिजनेस के प्रमुख श्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा, 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज के साथ, हम सिर्फ एक नया प्रस्ताव नहीं पेश कर रहे हैं; हम मनोरंजन उपभोग में एक सही बदलाव का नेतृत्व भी कर रहे हैं। डिश टीवी के सीटीओ और ओटीटी बिजनेस के प्रमुख श्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि डिश टीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज के साथ, हम सिर्फ एक नया प्रस्ताव नहीं पेश कर रहे हैं,हम मनोरंजन उपभोग में एक सही बदलाव का नेतृत्व भी कर रहे हैं।

# थनैला रोग पर क्विज प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में इंटर्नशिप विद्यार्थियों के लिए विरबैक फार्मास्यूटिकल्स की ओर से रविवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑफलाइन मोड में आयोजित इस प्रतियोगिता में नीरज शर्मा ने प्रथम, विंकल गुप्ता ने द्वितीय तथा अंबिका राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं का चयन विरबैक द्वारा आयोजित किए जाने वाले जोनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उसमें सफल प्रतियोगी राष्ट्रीय स्तर के क्विज कार्यक्रम में भाग लेंगे। पशुओं की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने के साथ-साथ विरबैक फार्मास्यूटिकल्स महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अकादमिक गतिविधियां प्रोत्साहित करने के लिए भी कार्य करता है।

क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य उभरते हुए पशुचिकित्सकों में पशुओं की थनैला बीमारी की उत्पत्ति, कारणों, प्रभाव और चिकित्सा प्रक्रिया के बारे में जानकारी और जागरूकता बढ़ाना था ताकि वे पशुओं को इस बीमारी से बचा सकें और पशुपालकों का नुकसान न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रम के आरंभ में विरबैक के तकनीकी पदाधिकारी डॉ कवीश अहसन ने भारतीय परिस्थितियों में थनैला प्रबंधन विषय पर अपना तकनीकी प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम का समन्वयन पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ नंदनी कुमारी ने किया। पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद ने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी। विरबैक एनिमल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की विपणन टीम के अलभ्य भाष्कर, सुमित कुमार, सौरव सुमन, शुभम गुप्त ने कार्यक्रम संपन्न कराने में सक्रिय योगदान दिया।

# जलटंडा लैम्पस में किसान सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** जलटंडा लैम्पस में एक रविवार को किसान सभा का आयोजन किया गया। आगामी खरीफ के मौसम में मडुआ एवं धान के फसलों में उर्वरक प्रबंधन के बारे में चर्चा करते हुए चन्दन कुमार ने कहा कि यूरिया और अन्य रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग कर लगातार खेती करने से उत्पादन में कमी होने लगी है। यदि किसान अपनी इस खेती की प्रणाली में बदलाव नहीं करेंगे और फसलों के पोषण हेतु यूरिया के प्रयोग पर ही निर्भर रहेंगे तो उनकी खेती और कमजोर होते जाएगी,साथ ही यूरिया



के दुष्प्रभाव से जमीन भी बंजर होता जाएगा। इस अवसर पर किसान एतवा मुंडा ने सब्जी मटर एवं बोदी में नैनो उर्वरकों के प्रयोग के अपने अनुभव को सभी किसानों के बीच साझा किया। सुशील कुमार ने किसानों को मिप्ती जाँच के लिए नमूना संग्रहण की विधि के बारे में जानकारी दी और उनसे नमूना देने को कहा। इस सभा में लैम्पस अध्यक्ष,प्रबंधक एवं सदस्य सहित कई गाँव के किसानों ने भाग लिया।

### एनएसएस ने हवाई अड्डा और रेलवे स्टेशन पर चलाया मतदाता संपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस और स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरुकता अभियान (2.0) चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 20वें दिवस के अवसर पर 19 मई को बिरसा मुंडा हवाई अड्डा एवं रांची रेलवे स्टेशन परिसर में मतदाता संपर्क कार्यक्रम चलाया गया। आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ कुमुद कला मेहता, डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ किशोर सुरीन की देखरेख में अभियान चलाया गया।अभियान के शुरू में एनएसएस के स्वयंसेवकों से डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि हमलोगों द्वारा चलाए जा रहें मतदाता जागरुकता अभियान की प्रशंसा सभी लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम मतदाताओं को जागरूक करना बहुत बड़ा कार्य है। सभी के प्रयास से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती है, तो एक संतुष्टि का भाव प्रदर्शित होगा। मतदाता संपर्क अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों को दो समूह में विभाजित कर हवाई अड्डा एवं रांची रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। रांची हवाई अड्डा पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमुद कला मेहता, डॉ कुमारी उर्वशी, राजवीर, अंजली आदि थे।

### धूमधाम से मना श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को मोहिनी एकादशी के अवसर पर मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा का प्रातः कालीन श्रृंगार किया गया। 8:30 बजे की श्रृंगार आरती में भक्तों का भाव देखते ही बन रहा था। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवम मंदिर के आचार्य ने बाबा का संध्या कालीन विशेष श्रृंगार करके बाबा को मनभावन रूप दिया। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए ऑर्किड लाल गुलाब पीला गुलाब रानी गुलाब जिप्सो फुल रजनीगंधा लाल गेंदा पीला गेंदा तुलसी दल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अद्भुत श्रृंगार किया गया। संध्या 4:30 बजे बाबा के पट खुलते ही भक्तों का भीड़ मंदिर में लग गई।

# लोकतंत्र के मंदिर में रांची की आवाज बनेंगी यशस्विनी : राजद

**कांग्रेस के पक्ष में 23 को विशाल सभा के पूर्व की जाएगी 15 नुक्कड़ सभाएं**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजद के प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया ब्लॉक समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का चुनाव जीतना लगभग तय है। इस बार चुनाव जीत कर यशस्विनी सहाय लोकतंत्र के मंदिर भारतीय संसद में रांची की आवाज बनेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार झारखंड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को मदद करने का निर्देश राजदी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने दिया है। कैलाश यादव रविवार को प्रदेश राजद कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। कैलाश




यादव ने कहा कि प्रदेश राजद पूरी ताकत के साथ जनसंपर्क अभियान में जुट गया है। रांची में चुनाव प्रचार की समाप्ति तक 15 नुक्कड़ सभा की जाएगी और 23 मई को विशाल सभा का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि झूठ और जुमलों की सरकार को यह अंदेशा हो गया है कि इस बार रांची सीट महागठबंधन के पाले में जाने वाली है। यही कारण है कि केवल रांची में ही प्रधानमंत्री और गृह मंत्री चुनावी सभा नही कर केवल रोड किया। जनता इस बार झूठ और जुमलों की सरकार से तंग आकर परिवर्तन के मूड में है। इसीलिए ऐसा लग रहा है मानों कोई इस बार राजनीतिक दल नहीं बल्कि जनता खुद चुनाव लड़ रही है। कैलाश यादव ने कहा कि सुश्री सहाय की जीत से विकास कार्य को और बल मिलेगा। सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ पूरे जी जान से प्रचंड जीत दिलाने का काम प्रदेश राजद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। प्रदेश राजद की ओर से एक चुनाव अभियान समिति बनाया गया है। जिसका संयोजक गौतम सागर राणा को बनाया गया है। वर्तमान सांसद का कोई काम जनता के सामने आज तक नहीं आ पाया। 22 महीनों से एचईसी के कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इस स्थिति में एचईसी कर्मियों को राशन से लेकर दवा तक नहीं ले पा रहे है। इसके बावजूद वर्तमान सांसद को इसकी कोई चिंता नहीं है। केंद्र में महागठबंधन की सरकार बनते ही एच ई सी की समस्या को दूर करने की पहल की जाएगी। श्री यादव ने रांची के मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। इस मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता राजेश यादव, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, संजय टाइगर, इम्तियाज हुसैन वारसी, रमेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### विकास पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय स्पेशल समर कैंप का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय स्पेशल समर कैंप में वर्ग प्री नर्सरी से दशम वर्ग तक के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी को तीन ग्रुप में बांटा गया। इस स्पेशल समर कैंप में बच्चों के लिए पॉटरी मैन ( मिप्ती से बर्तन बनाने वाला),मैजिक शो, रेन डांस, इंडोर क्रिकेट,मूवी,स्पून एंड बॉल रेस, बैलून शूटिंग नाच - गान, आर्ट्स एंड क्राफ्ट , पेंटिंग का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक संजय कुमार ने बच्चों को समर कैंप की महत्वता पर प्रकाश डाला तथा उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा की प्रशंसा कि उन्होंने इस तरह के आयोजन की भी सराहना की। समर कैंप का आकर्षण का केंद्र रहा जादूगर पवन कुमार का टेबल को हवा में उड़ाना, बच्चों के बीच मनमोहक दृश्य था। प्रधानाचार्या अंशु तिवारी ने बच्चों को विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की समर कैंप एक मंच है जिसके माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आती है। सभी के बीच रेन वाटर डांस अदभुत और विशेषाकर्षण रहा। सभी बच्चों ने अपने इच्छानुसार मिप्ती से अपने लिए आकृतियां बनाना सीखे। कक्षा 4 से दशम के विद्यार्थियों ने खूबसूरत पेंटिंग भी बनाई। इस दो दिवसीय समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय सचिव विकास गौरव, अतिथिगण, शिक्षक गण अभिजीत कुमार,अविनाश सिंह, बिनोद कुमार, रेशमा बेगम, अनुपमा, अर्चना, साक्षी जायसवाल, किरण, प्रियंका, चैताली मुखर्जी, अनामिका, कृतिका, सत्यम शिखा, सुप्रिया का योगदान सराहनीय रहा।

# राज्य में इस साल सामान्य से अधिक बारिश की संभावना, 13 जून के बाद मॉनसून का आगमन संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तेज धूप और उमस से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल है। इसी बीच लोगों को इंतजार है कि इस बार झारखंड में मानसून कब दस्तक देगी। चिलचिलाती गर्मी के बीच बारिश लोगों को ठंडक का एहसास देगी। वहीं, अच्छी फसल के लिये भी समय पर मानसून का आना जरूरी है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस बार मानसून केरल तट से 28 मई से तीन जून के बीच टकरायेगी। हालांकि सामान्य परिस्थितियों में मानसून एक जून को केरल तट से टकराती है।
लेकिन इस बार संभावना है कि मानसून जल्दी ही केरल तट से टकराये। जबकि झारखंड में मानसून की दस्तक 13 जून के बाद होने की संभावना है। सामान्य परिस्थितियों में मानसून की दस्तक 15 से 20 जून के बीच होती है। लेकिन इस बार मानसून राज्य में दो दिन पहले पहुंच सकता है। इसके लिये मौसम विज्ञान केंद्र ने भी सूचना जारी की है। जिसमें बताया गया है कि पश्चिम बंगाल में मानसून 7 से 13 जून के बीच आ सकता है। जो बंगाल की खाड़ी में अंडमान होते हुए आता है। ऐसे में झारखंड में भी इस बार मानसून पहले आने की संभावना है।

सामान्य से अधिक बारिश की संभावना : मौसम विज्ञान केंद्र की



मानें तो इस बार सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। पिछले साल संभावनाओं के विपरित 36 फीसदी कम बारिश हुई थी। इस साल राज्य में अच्छी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। बता दें पिछले साल अल नीनो का प्रभाव देश भर में देखा गया था। पिछले दिनों अल नीनो का प्रभाव देश में खत्म हुआ। अल नीनो के प्रभाव में बारिश कम होती है। जबकि अब ला नीनो का प्रभाव देखा जा रहा है। इसमें अधिक बारिश की संभावना है।

**किस साल कितनी बारिश**

2020 में 902.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी। 2021 में 1041.5, वर्ष 2022 में 817.6 मिमी, जबकि 2023 में 503.3 मिमी ही वर्षा रिकार्ड की गयी। जो कि सामान्य से काफी कम है। राज्य में पिछले 10 सालों में एकाध सालों में किसी भी साल पर्याप्त वर्षा नहीं दर्ज की गयी। राज्य की भौगोलिक दशाओं के अनुरूप औसतन वार्षिक वर्षा 125 से 150 सेमी तक होती है। वर्षा का अधिकांश भाग जून से सितंबर के बीच प्राप्त होता है।

स्पीड न्यूज

### सड़क हादसे में ओटो चालक घायल

**मांडर।** एन झएच 39 मुख्य पथ पर स्थित मुड़मा चौक के निकट शनिवार रात हुए सड़क हादसे में ओटो चालक तीस वर्षीय दीपक गोप घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रोज की तरह दीपक अपने ओटो में दूध लेकर मांडर की ओर जा रहा था, इसी दौरान उसका ओटो के आगे से तेज रौशनी आने से सड़क किनारे पहले से खड़े एक अन्य वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीपक ऑटो के अंदर स्टेयरिंग व्हील में फंस गया। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे किसी तरह बाहर निकाला। घटना के बाद उसे स्थानीय लोगों के द्वारा उसे रेफरल अस्पताल मांडर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

### मोबाइल की चोरी

**चान्हो।** बीजूपाड़ा-खलारी मुख्यपथ पर स्थित चोरेया मोड़ में साप्ताहिक बाजार से शनिवार शाम को टांगर निवासी गंदरू उरांव की मोबाइल किसी ने चुरा लिया। गंदरू के अनुसार वे शाम को करीब छह बजे बाजार में सब्जी खरीद रहे थे, इसी बीच उनके टीशर्ट के ऊपर पॉकेट से किसी ने उनके मोबाइल ( रियल मी ) पर हाथ साफ कर लिया। मामले को लेकर उन्होंने थाने में आवेदन दिया है।

### भाजपा नेताओं ने की बैठक

**अनगड़ा।** भाजपा के शीर्ष नेताओं ने शनिवार को अनगड़ा के हेसल खोपी सरना में खिजरी विधान सभा के बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर रांची लोक सभा सीट से चुनाव जितने की रणनीति तैयार की । बैठक में बूथ जीतो चुनाव जीतो के तर्ज पर बूथ अध्यक्षों को हर हाल में बूथ जीतने की जिम्मेवारी दी गयी। बैठक में भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू पूर्व विधायक रामकुमार पहान जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो डॉ अमर कुमार चौधरी प्रभारी नसीब लाल महतो मानकी राजेन्द्र शाही आरती कुजूर जैलेन्द्र प्रसाद अमरनाथ चौधरी सहित खिजरी विधान सभा अन्तर्गत अनगड़ा ओरमांझी नामकोम एवं सिकिदिरी मंडल के बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

### हज यात्रियों का अंतिम जत्था मक्का के लिए रवाना

**इटकी।** इटकी से रविवार को 2024 के हज़ यात्रियों का अंतिम जत्था मक्का के लिए रवाना हुआ। हज़ यात्रियों के दल में इटकी के तौकीर जमाल और उनकी पत्नी शामिल हैं। यह दल रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रवाना हो कर दिल्ली एवं जद्दा होते हुए आज देर रात मक्का पहुंचेगा। आज के सभी हज़ यात्री निजी टूर आपरेटर जायरे टूर एन ट्रेवल्स रांची के मार्फत हज़ में शामिल होंगे। रवानगी के पूर्व मस्जिद ए जाफर के इमाम मौलाना एकबाल अहमद कासमी के द्वारा आसान और मकबूल हज़ के साथ देश में अमन और खुशहाली की सामूहिक दुआ. की गई। हज़ यात्रियों को रवाना करने वालों में डाक्टर शकील अहमद, हाजी कैसर आलम, इंबेसात आलम, जेयाउल आरफीन, मेराज आलम, इरफान बशीर सहित अन्य शामिल थे।

# मंडा पूजा में बरसे आशीर्वाद की फूल, छउनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन महादेव मदिंर आनंदी में आयोजित नौ दिवसीय मंडा पूजा रविवार को झुलन के साथ संपन्न हो गया। मंडा पूजा में सागर मुंडा, विवेक मुंडा, अंकुष साहू, नितेष कुमार, प्रेमनाथ महतो व बालदेव साहू सहित गांव के 52 भोक्ता द्वारा लोटन सेवा, होड़न सेवा, बेतजोड़न सेवा, गुड़न सेवा आदि षिवभक्ति पूजा पूर्ण कर शनिवार रात को दहकते अंगारे में चल भगवान षिव के प्रति अपनी भक्ति व आस्था की प्रद्दष्य फुलखुंदी किया गया। फुलखुंदी करने में सोकताईन भी शामिल थें। इस अवसर पर पूजा समिति आनंदी द्वारा मेला व छउनृत्य का आयोजन किया गया है। बंगाल पुरुलिया की प्रसिद्ध छऊनृत्य मंडली सुनीता महतो के ग्रुप द्वारा शानदार छउनृत्य प्रस्तुत किया। छउनृत्य ग्रुप में शामिल सभी 30 युवतियों द्वारा भगवान श्रीराम कृष्ण आदि की कथा से जुड़ी नृत्य के अलावा शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की आदि की नृत्य प्रस्तुती की उपस्थित अतिथियों द्वारा काफी सरहाना की गई। मंडा पूजा पर आयोजित छउनृत्य व मेला का लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी द्वारा किया गया। प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, मुखिया पार्वती देवी, पंसस शषि मिश्रा, उपमुखिया बनवारीलाल साहू, अंजित कुमार, शैलेंद्र मिश्रा, पूजा समिति आनंदी के अध्यक्ष कमलेश कुमार, सचिव दीपक कुमार साहू व कोषाध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू, संरक्षक चंद्रमोहन साहू, संजय साहू, दिलीप साहू, मानकी राजेंद्र शाही, हरिशचंद्र महतो, विक्रांत तिवारी, सत्यमराज कुषवाहा, सत्यनारायण तिवारी, दुगार्षंकर साहू, नरेष महतो, समिति के दिनेष महतो, कृष्णा साहू, अंकित कुमार व रंजित महतो सहित कई लोग उपस्थित थें।



उनृत्य प्रस्तुत करती बंगाल की युवतियां।



झुलन में भोक्ता से आषीष की फूल मांगते लोग।

# महिलाओं ने सैलानियों को ब्रोकेन-ट्री स्थल जाने से रोका

## रास्ते में लगा दिया गया ब्रोकेन-ट्री बंद का बोर्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र सरनाटोली बसुआ पतरा स्थित नये पर्यटन स्थल ब्रोकेन-ट्री पर्यटन स्थल सैलानियों के लिए बंद कर दिया गया है। बस्ती की दर्जनों महिलाएं रविवार को ब्रोकेन-ट्री जाने वाले रास्ते पर पहुंची और ब्रोकेन-ट्री जाने वाले पर्यटक को आगे जाने से रोक दिया। ब्रोकेन-ट्री का मनोरम द्दष्य का लुफ्त उडाने बाइक व कार से पहुंचे सभी पर्यटक निराष वापस लौट गए। ब्रोकेन-ट्री पर्यटन स्थल जाने वाले मार्ग पर बस्ती के पेड़ पर ब्रोकेन-ट्री स्थल बंद है का बोर्ड भी लगा दिया गया है। वहीं पर्यटक के एक कार की चपेट में आकर गांव के जगमोहन मुंडा की एक बकरी की मौत हो गई। जिससे भी ग्रामीण व महिलाएं काफी नाराज थें। कहा पर्यटकों के आने के कारण गांव के पशुओं को चराने में परेशानी हो रही है। काफी संख्या में युवा-युवतियां यहां आते हैं। शराब पीकर बोतल इधर-उधर फेंक देते हैं। युवा-युवतियों द्वारा ब्रोकेन-ट्री स्थित जंगल में काफी अनैतिक कार्य भी किए जाते हैं। जिससे बसुवापतरा की छति व पर्यावरण प्रदूषित हो रही है। अब किसी भी प्रर्यटक को जाने नही दिया जाएगा। वहीं वन सुरक्षा एंव पर्यावरण विकास समिति के द्वारा आने वाले पर्यटकों से पैसे वसूलने की जानकारी मिलने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा भी संज्ञान में लिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार ओरमांझी थाना पुलिस गांव पहुंची थी। जिसके बाद गांव की महिलाओं द्वारा पर्यटकों से पैसे लेने के लिए लगाए गए ब्रेकटेकिंग को हटा दिया गया है। अब ब्रोकेन-ट्री जाने वाले किसी भी पर्यटक को टिकटक लेने व पैसे देने की जरूरत नही होगी। लेकिन महिलाएं किसी भी प्रर्यटक को आगे जाने ही नही दे रहे हैं। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह व बीडीओ विजय कुमार ने भी कहा है पर्यटन स्थल पुलिस गई थी। वसूली बंद कर दिया गया है। अभी लोकसभा चुनाव कार्य की व्यस्थता होने के कारण, चुनाव के बाद इसपर कार्रवायी भी की जाएगी।



पर्यटकों को ब्रोकेन-ट्री जाने से रोकती महिलाएं।

# बारिश के बाद तापमान में गिरावट, गर्मी से मिली राहत

खबर मन्त्र संवाददाता

इटकी। इटकी में भीषण गर्मी के बीच रविवार की दोपहर में हुई बारिश के बाद तापमान गिरा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह से ही तेज धूप के साथ गर्मी से लोग बेहाल रहे। दोपहर करीब दो बजे आसमान काले बादलों से घिर गया और बारिश शुरू हो गई। जिसके बाद तापमान गिरने से गर्मी से राहत मिली। बारिश के साथ आंधी तूफान चलने से इटकी विधुत सबस्टेशन के समीप ट्रांसफार्मर रिपेरिंग वर्क शॉप (टीआरडब्लू) में लगा एस्बेस्टस उड़ गया। जबकि मोरो बोडया के सोहन गोप के मकान का छत ढलाई के लिए किया गया सेंट्रिंग गिर गया।
वहीं एवरेन खेस के मकान में लगा एस्बेस्टस उड़ गया। इटकी एकता नगर के कार्तिक महतो के गैरेज में लगा चदराशीट उड़ गया। मिली जानकारी के मुताबिक बारिश व आंधी चलने से इटकी मोड़ व मोरो फीडर में ग्यारह हजार वोल्ट लाइन तार टूट कर गिर गया व तारगाड़ी के पास बिजली तार में पेड़ का डलही गिरने व इंसुलेटर फट जाने से इटकी क्षेत्र में घंटो विधुत आपूर्ति ठप रही। विभागीय कर्मचारियों द्वारा विधुत लाइन में आयी खराबी को दूर कर करीब सात बजे शाम में बिजली आपूर्ति बहाल किया गया।



### वज्रपात के चपेट में आने से दो गायों की मौत

**मांडर।** प्रखंड के कंजिया चालाटोली में रविवार शाम हुए वज्रपात के चपेट में आने से दो गायों की मौत हो गई। बताया जाता है कि विनोद उरांव के दोनों गाय घर के समीप ही एक पेड़ के नीचे बंधे हुये थे। इसी दौरान मौसम खराब होने के बाद वज्रपात हुई और इसकी चपेट में आने से दोनों गाय की मौत हो गयी। गाय की कीमत करीब 80 हजार रुपये बतायी जा रही है।

### संजय सेठ के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला

**ठाकुरगांव।** भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने रविवार को ठाकुरगांव मंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में पार्टी कार्यकताओं ने ठाकुरगांव,कुलवे, सोबा,बेड़वारी, बाड़े,हिसरी,करंजुआटोली आदि गांवों में मतदाताओं से मिलकर भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील किया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार सभी मोर्चों में देश का विकास कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घोटाला व भ्रष्टाचार करने में सभी रिकार्ड को तोड़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि झामुमो व कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करके राज्य को बर्बाद करने पर तुली हुई है। मौके पर मंडल प्रभारी स्वामी देवेंद्र प्रकाश, मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, रामकुमार दुबे,कमल मोदी,बिरसा उरांव, पशुपतिनाथ शाहदेव, अमृत महतो,शहानंद गोप,झिबरा मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने मांगा वोट

**सिकिदिरी।** भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने रविवार को सिकिदिरी भाजपा मंडल अंतर्गत हुन्डरू,कामता,डिमरा,ओबर, रंगामाटी आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जैलेंद्र कुमार ने केंद्र सरकार की चलाई गई योजनाओ के बारे मे लोगो को बताते हुए भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान की अपील की ताकि प्रधानमंत्री बनने के लिए 400 कमल में एक कमल फूल रांची का भी हो। मौके पर प्रकाश लकड़ा,संजीव सिंह,शुभम बेदिया गुहीराम बेदिया,ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया,चन्द्र उदय बेदिया, रामेश्वर बेदिया,कालिया बेदिया, नागेसर बेदिया,सोनू बेदिया,रवि बेदिया,मधु पाहन आदि उपस्थित थे ।

### हिंडालको मुरी ने राहे थाना को दिया सड़क वैरियर

**राहे।** सड़क सुरक्षा और दुर्घटना नियंत्रण को लेकर हिंडालको मुरी के सीएसआर विभाग के द्वारा राहे थाना को सड़क बैरियर दिये। इस दौरान सीएसआर हेड अरुण कुमार राय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर लोग लापरवाही बरतते हैं, जिस कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है। सड़क दुर्घटना रोकने और लोगों के बीच ट्रैफिक नियम की जागरूकता के लिए राहे थाना को सड़क बैरियर दिया गया है। राहे पुलिस सड़क दुर्घटना नियंत्रण को लेकर सड़क सुरक्षा में इस एसेट का उपयोग कर सकते हैं। मौके पर सीएसआर के अनिल कुमार सिंह, सुरेंद्र राम , राहे थाना के शैलेंद्र कुमार टुडू और पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# प्रसिद्ध पर्यावरण मेला बेंती को लेकर कमेटी गठित, बन्नू बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पांच जून को पर्यावरण मेला की तैयरी को लेकर रविवार को ग्राम वन प्रबंधन संरक्षण समिति बेंती की बैठक अध्यक्ष सत्यदेव मुंडा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान मेला की तैयरी पर चर्चा की गई। पर्यावरण दिवस पर पैना पहाड़ मेला को लेकर एक समिति का गठन किया गया। गठित कमेटी में मुख्य संरक्षक सत्यदेव मुंडा, मुखिया मंजोती देवी, पंसस मानेश्वर मुंडा जबकि अध्यक्ष बनू बेदिया, सचिव अरूण मुंडा, कोषाध्यक्ष बालकराम मुंडा, उपाध्यक्ष करण करमाली , सरस्वती देवी , सुनिता देवी , विजय मुंडा,सह सचिव तीरथ चन्दन भोगता,मीडिया प्रभारी, लालजी बेदिया को बनाया गया है। संरक्षक मंडली में उप मुखिया संजय भोगता, ग्राम प्रधान कमलाकान्त मुंडा को रखा गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में अजय कुमार करमाली, जीतू मुंडा, बानेश्वर मुंडा, शालिकराम पहान , धनिराम मुंडा, रोशन बेदिया, प्रकाश मुण्डा, सोहन मुंडा , मनबोध मुंडा, रोपना बेदिया,रंजित मुंडा, गणेश मुंडा, अमृत मुंडा, सुरज भोगता आदि को बनाया गया है। ग्राम वन प्रबंधन वन संरक्षण समिति के अध्यक्ष सत्यदेव मुंडा ने बताया कि बेंती के ग्रामीणों द्वारा पिछले कई दशकों से छठ पड़े पहाड़ में पौधा रोपण एवं खेती की तरह देख-रकर बृहद जंगल बनाया जहां आज सैकड़ो प्रकार की जड़ी-बूटी एवं जंगली पशु-पक्षी देखने को मिलते है।



# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव-बुढ़मू मुख्य पथ में चापाटोली के पास रविवार को लगभग 3 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक मौत इलाज के क्रम में रिम्स में हो गई। जानकारी के अनुसारी उरुगुट्टू गांव निवासी मोहरनाथ महतो का पुत्र हंसनाथ महतो 27 वर्ष अपनी सास को बचरा के हुसीर गांव छोड़कर बाइक से अपना घर लौट रहा था। इसी बीच विपरित दिशा से आ रहे बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।
गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा जहां इलाज के क्रम में युवक की मृत्यु हो गई। घटना के बाद बुढ़मू पुलिस ने बस को जब्त कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**एक नजर में**

### झारखंड खनिज संपदा से भरपूर लेकिन विकास से कोसों दूर : पारसनाथ उरांव

अनगड़ा । प्रखंड के चिलदाग सोसो गांव में रविवार को ग्राम प्रभारी जनमलाल मुंडा की अध्यक्षता में ग्राम प्रभारी की बैठक हुयी । जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा किया गया । मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा झारखंड राज्य जिस उद्देश्य के साथ अलग हुआ था उस हिसाब से झारखंडी जनमानस का सपना पूरा नही हुआ है । जबकि झारखंड खनिज संपदा से भरपूर है और विकास गाँव से अभी भी कोसो दूर है इसके लिए पार्टी चुल्हा प्रमुख गांव प्रभारी और पंचायत प्रभारी बनाकर झारखंड में एक नया बदलाव लाना चाहती है । इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए मतदान करने की अपील भी की गयी । बैठक में केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह केंद्रीय सदस्य बीरेंद्र भोगता राजकुमार सिंह राहुल सिंह विशेश्वर महतो शिवनाराय मुण्डा झभुवा महतो अर्विन्द प्रजाति शिरधर मुण्डा राजन मुण्डा शिवचरण मुण्डा राजू मुण्डा अनिता देवी शशिकला देवी मालती देवी ज्योति देवी धनमणी देवी कुंती देवी वीणा देवी सुनीता देवी उपस्थित थे।

### बस की टक्कर से बाइक सवार जख्मी, रिम्स रेफर




**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी बाजार टांड़ मोड़ के समीप रांची गुमला मुख्यमार्ग पर रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गौरव यात्री बस की चपेट में आने से चरिमा बेड़ो गांव निवासी बाइक सवार 45 वर्षीय किसान राम लखन पहान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसे पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा कुसुमलता ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। गांव के समाजसेवी पंकज कुजूर ने बताया कि राम लखन पहान सुबह में गांव से खीरा तोड़कर बेड़ो सब्जी मंडी बेचने जा रहा था, तभी पीछे से आ रही यात्री बस ने पीछे से बाइक सवार किसान को अपने चपेट में लिया।

## कांग्रेस यशस्विनी सहाय ने अनगड़ा मे किया रोड शो, कहा

# सरकार बनी तो हर गरीब महिलाओं को एक लाख मिलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने शनिवार को प्रखंड के मासू मिलन चौक में शहीद राजकुमार महतो के आदमकद प्रतीमा पर माल्यार्पण कर मिलन चौंक से जोन्हां तक रोड शो की । सुश्री सहाय ने गोन्दली पोखर और अनगड़ा में पद यात्रा भी की । इस दौरान रास्ते में गोन्दली पोखर चौंक पर शहीद निर्मल महतो शहीद हरखनाथ महतो तथा अनगड़ा में भगवान बिरसा मुन्डा की प्रतीमा पर माल्यार्पण भी की । उन्होंने राजाडेरा गौतम धारा चौंक जोन्हां चौंक में रुक कर लोगों से सम्वाद भी की । मतदाताओं से अपने लिए वोट भी मांगा । लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार इन्डिया गठबंधन केन्द्र में सरकार बनाने जा रही है। सरकार बनते हीं कांग्रेस के न्याय पत्र के अनुसार महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपया मिलेगा जिससे कि वे अपना रोजगार चला सके प्रत्येक पढ़े लिखे युवाओं को अपरेन्टीश योजना के तहत एक लाख रुपये की नौकरी पक्की होगी सरकारी भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण श्रमिकों के न्यून्तम मजदूरी चार सौ रुपये और मुफ्त जीवन वीमा और स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगी सुश्री सहाय ने कहा कि आज युवाओं के लिए बेरोजगारी सबसे बड़ी परेशानी का सबब है। यदि वह यह चुनाव जितती है तो वे अपने क्षेत्र में लघु उद्योगों को लाने का काम करेंगी जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके । उन्होंने मतदाताओं से इस बार उन्हें भारी मतों से जीत दिला कर कम से कम एक बार सेवा करने का मौका दें । रोड शो पद यात्रा एवं जन सम्पर्क अभियान में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कात सहाय अनगड़ा के प्रभारी राजेन्द्र मुन्डा विश्राम महतो प्रमुख दीपा उरांव साकिर अन्सारी एतवा उरांव बरतू मुन्डा शहनाज खातुन अनीता देवी सिद्दिक अन्सारी शफीक अन्सारी सरीता देवी युनुस अन्सारी संगीता कैंथा मिनहाज अन्सारी सरस्वति देवी सहित सैंकड़ों समर्थक एवं कार्यकर्ता शामिल थे ।



### सीआइटी के चेयर पर्सन्स से लिया जीत का आशीर्वाद

अनगड़ा । रोड शो पद यात्रा एवं जन संपर्क अभियान से पहले प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कैम्ब्रीज ट्रस्ट ऑफ इंडिया के चेयर पर्सन्स श्रीमति जानकी देवी से चाय पर चर्चा के दौरान पांव छू कर अपनी जीत का आर्शिवाद भी ली । यहां पहुंचने पर सुश्री सहाय का फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत भी किया गया मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सोनिया शाह नवनीत सिंह पल्वी सिंह रसिका सिंह बॉबी एवं बेबी पूर्व मुखिया धनंजय शाही मानकी रंथु नायक सहित काफी संख्यां में ग्रामीण भी उपस्थित थे। और उन्हें जीत का भरोसा दिलाया ।

## झारखंड के बेहतरीन स्कूलों में कस्तूरबा स्कूल सोनाहातू और बालिका स्कूल राहे भी शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** राज्य परियोजना निदेशक , झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची आदित्य रंजन के द्वारा पूरे झारखंड राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों का प्रोजेक्ट इंपैक्ट हेतु गहन निरीक्षण कराया गया था ।जिसमें लगभग 60 से ज्यादा बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया था । इस दौरान 23 अप्रैल को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे का भी निरीक्षण किया गया था। इस दौरान टीम के सभी बिंदुओं पर दोनों विद्यालय खरे उतरे और विद्यालय की शैक्षणिक और आवासीय व्यवस्था से टीम बहुत ही खुश हुई और पूरे झारखंड राज्य के बेस्ट 82 और रांची जिले से चयनित 4 स्कूल का चयन किया गया जिसमे में सोनाहातू और राहे से विद्यालय को चुना गया। वार्डेन शशि बाड़ा और परमेश्वरी कुमारी इसके लिए अपने विद्यालय के सम्पूर्ण छात्राओं और टीम वर्क को इसका श्रेय देती है साथ ही अंशकालिक शिक्षकों को भी इसका श्रेय देती है जिन्होंने मेहनत कर विद्यालय को इस मुकाम पर पहुंचाया है । टीम द्वारा लो कॉस्ट , नो कॉस्ट हाई कोस्ट द्वारा किए गए कार्य , शैक्षणिक गतिविधि , क्लासरूम , पुस्तकालय , बागवानी , बाल संसद, लैब, लाइब्रेरी , कंप्यूटर रूम , खेल सुविधा , साफ सफाई , बाथरूम सफाई , छात्रावास , स्कूल परिसर , माहवारी कक्ष ,रसोईघर , पार्किंग सुविधा और अन्य गतिविधियों पर विद्यालय का मूल्यांकन राज्य स्तरीय टीम द्वारा किया गया था ।




झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय राहे

